**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**
**संख्या- 209 /05/कम्प्यूटर अनुभाग(बारह)/2025/01-परीक्षा/2025**

लखनऊ : दिनांक : 18 नवम्बर, 2025

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2025, प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (Preliminary Eligibility Test-PET)-2025 की लिखित परीक्षा दिनांक 06.09.2025 एवं 07.09.2025 को प्रदेश के 48 जनपदों के 1479 परीक्षा केन्द्रों पर चार पालियों (प्रति दिवस दो पाली) में आयोजित की गयी थी। तदुपरांत आयोग की आवश्यक सूचना दिनांक 09.09.2025 द्वारा उक्त लिखित परीक्षा की Provisional उत्तर कुंजी अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई थी एवं आवश्यक सूचना दिनांक 11.09.2025 द्वारा उक्त लिखित परीक्षा की Provisional उत्तर कुंजी पर आपत्ति (यदि कोई हो) दर्ज कराये जाने हेतु लिंक आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया था।

उपरोक्तानुसार दिनांक 09-09-2025 को अपलोड की गयी उत्तर कुंजी के सापेक्ष प्राप्त आपत्तियों के निराकरण के फलस्वरूप प्रश्नगत विज्ञापन की लिखित परीक्षा के मास्टर सेट की तिथि व पालीवार संशोधित उत्तर कुंजी (विवरणात्मक) अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ यथावत आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दी गई है।

संलग्नक- यथोपरि।

18.11.2025

परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।

# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ
## विज्ञापन संख्या–01–परीक्षा/2025
## प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2025
## संशोधित उत्तर कुंजी (मास्टर सेट)

**परीक्षा तिथि : 07-09-2025**

**पाली : द्वितीय**

| | |
|---|---|
| 1. | 'अभिनेता' पुल्लिंग शब्द है, उसका स्त्रीलिंग रूप _____ है ।<br>**अभिनेत्री** |
| 2. | 'इंटरनेट क्रांति' निबंध में इंटरनेट के बारे में चर्चा की है, इंटरनेट का अर्थ ________ है ।<br>**अंतर्जाल** |
| 3. | 'जो अनुकरण करने योग्य हो' उसे _____ कहते हैं ।<br>**अनुकरणीय** |
| 4. | 'नाच' तद्भव शब्द है, उसका तत्सम शब्द _____ है ।<br>**नृत्य** |
| 5. | 'अविष्कार' एक अशुद्ध शब्द है, निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द का चयन कीजिए ।<br>**आविष्कार** |
| | **निर्देश (प्र. सं. 6 से प्र. सं. 10) :** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।<br><br>हिंदी साहित्य में ग्रामांचलिकता की प्रवृत्ति स्वातंत्र्योत्तर काल में पनप उठी है । महात्मा गाँधीजी के 'देहात की ओर चलो' इस नारे के अनुकरण पर ग्रामांचलिक साहित्य का आंदोलन शुरू हुआ । ग्रामीण लोगों का प्रबोधन करके उनमें चेतना जगाने का काम ग्रामांचलिक लेखकों ने किया है । वहाँ के जन–जीवन की समस्याओं को लोगों के सामने रखने का उद्देश्य ग्रामांचलिक साहित्यकारों में रहा है ।<br><br>ग्रामांचलिक साहित्य का प्रारंभ सन् 1950 के पश्चात् अधिक गति से शुरू हुआ । ग्रामीण जीवन को सही अर्थ में मुखरित करने का सफल प्रयास प्रेमचंद ने किया । अपनी कहानियों और उपन्यासों के माध्यम से इन्होंने ग्रामीण जीवन का मर्मस्पर्शी चित्रण किया है । प्रेमचंद के पूर्व काल में सेठ बाँकेमल के 'घराऊ घटना'–1883,'वसंत मालती'–1899, 'अधखिला फूल'–1907, 'भोजपुरी की ठगी'–1912, 'राधाकांत' और 'अरण्यक'–1915, मन्नन द्विवेदी द्वारा लिखित 'रामलाल'–1914, शिवपूजन सहाय द्वारा लिखित 'देहाती दुनिया'–1925 आदि उपन्यासों में प्रारंभिक स्तर पर ग्रामांचलिकता के दर्शन होते हैं । |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| | प्रेमचंद के 'रंगभूमि', 'गोदान', 'प्रेमाश्रम' आदि उपन्यासों में ग्रामीण जीवन, पीड़ित ग्रामीणों में उभरने वाली चेतना के दर्शन होते हैं । इनके उपन्यासों में नई सामाजिक, आर्थिक व्यवस्था और परंपरागत ग्राम व्यवस्था के संक्रमण कालीन संदर्भ स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आए हैं । जयशंकर प्रसाद के 'तितली' में ग्राम जीवन की प्रवृत्तियों की ओर इशारा किया है । इसके बाद उदयशंकर भट्ट, अमृतलाल नागर, रांगेय राघव, देवेंद्र सत्यार्थी आदि इसी लीक पर चलते रहे, जिन्होंने ग्रामांचलिकता की मध्य स्थिति को अपनाया ।<br>हिंदी साहित्य में आँचलिकता के उन्नायक उपन्यासकार फणीश्वरनाथ 'रेणु' रहे हैं । उनके द्वारा लिखा गया पहला आँचलिक उपन्यास 'मैला आँचल'-1954, हिंदी का शुद्ध आँचलिक उपन्यास माना जाता है । इसके बाद आँचलिकता अधिक मात्रा में पनपती गई । आँचलिक साहित्य विविध रूपों में समृद्ध होता गया । इसका श्रेय शैलेश मटियानी, रांगेय राघव, रामदरश मिश्र, राही मासूम रजा, हिमांशु जोशी, भैरवप्रसाद गुप्त, जगदंबाप्रसाद, जगदीश गुप्त, अमृतलाल नागर, श्याम परमार, शिव प्रसाद सिंह, विवेकी राय आदि को दिया जा सकता है । सन् 1960 के पश्चात् ग्रामांचलिक धारा अधिक बलवती बनी । इसमें कविता, कहानी, उपन्यास, निबंध, रिपोर्ताज, रेखाचित्र आदि को यथावत स्थान प्राप्त हुआ । |
| 6. | किसने 'देहात की ओर चलो' इस नारे के अनुकरण पर ग्रामांचलिक साहित्य का आंदोलन शुरू किया ?<br>**उपर्युक्त में से कोई नहीं** |
| 7. | ग्रामांचलिक साहित्य का प्रारंभ सन् ________ के पश्चात् अधिक गति से शुरू हुआ ।<br>**1950** |
| 8. | शिवपूजन सहाय द्वारा लिखित ________ 1925 आदि उपन्यासों में प्रारंभिक स्तर पर ग्रामांचलिकता के दर्शन होते हैं ।<br>**देहाती दुनिया** |
| 9. | किस उपन्यासकार के प्रमुख उपन्यास 'रंगभूमि', 'गोदान', 'प्रेमाश्रम' आदि उपन्यासों में ग्रामीण जीवन, पीड़ित ग्रामीणों में उभरने वाली चेतना के दर्शन होते हैं ?<br>**प्रेमचंद** |
| 10. | किस उपन्यासकार द्वारा लिखा गया पहला आँचलिक उपन्यास 'मैला आँचल' – 1954, हिन्दी का शुद्ध आँचलिक उपन्यास माना जाता है ?<br>**फणीश्वरनाथ 'रेणु'** |
| | **निर्देश (प्र. सं. 11 से प्र. सं. 15) :** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।<br>आज हिंदी भाषा जिस रूप में बोली और समझी जाती है वह खड़ी बोली का ही साहित्यिक भाषा रूप है, जिसका विकास मुख्यत: उन्नीसवीं शताब्दी में हुआ । खड़ी बोली का प्राचीन रूप दसवीं शताब्दी से मिलता है किन्तु चौदहवीं शताब्दी के प्रारंभ में अमीर खुसरो ने पहली बार खड़ी बोली में कविता की रचना की । मध्यकाल तक खड़ी बोली मुख्यत: बोलचाल की भाषा के रूप में ही प्रचलित थी । उस युग में ब्रजभाषा और अवधी काव्य की भाषा थी । ब्रजभाषा को सूरदास ने, अवधी को तुलसीदास ने और मैथिली को विद्यापति ने सिंचित और पल्लवित किया । उस समय फारसी राजदरबार में राजकाज की भाषा हुआ करती थी । अत: इन्हीं कारणों से खड़ी बोली उपेक्षित-सी रही, लेकिन समस्त उत्तर भारत में जनसंपर्क की यही एकमात्र सशक्त भाषा थी । |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| | 19 वीं और 20 वीं शताब्दी में जब ज्ञान-विज्ञान का प्रसार हुआ तो खड़ी बोली सहज रूप से सर्वग्राह्य भाषा के रूप में तथा जनसंपर्क की भाषा के रूप में उभर कर सामने आई क्योंकि यही सबसे अधिक व्यापक थी ।<br>संसार में अंग्रेजी व चीनी भाषा के बाद हिंदी बोलने वालों की संख्या सर्वाधिक है । मुद्रण के आविष्कार, भारत में अंग्रेजी गद्य साहित्य के प्रसार, राजनीतिक जागरूकता के उद्‌भव, पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन, जनसाधारण तक पहुँचने की आवश्यकता आदि कारणों ने खड़ी बोली से विकसित हिंदी को सम्पूर्ण भारत की सर्वाधिक प्रयोग की जाने वाली जनसम्पर्क की भाषा के रूप में स्थापित कर दिया । इसी अवधि में भारतेन्दु हरिश्चंद्र महावीर प्रसाद द्विवेदी और प्रेमचन्द आदि ने हिंदी गद्य को निखारने व परिष्कृत करने में योगदान दिया । जन समुदायों को संबोधित करने के लिए गाँधी, तिलक, दयानन्द सरस्वती आदि राजनैतिक और धार्मिक नेताओं ने हिंदी का प्रयोग किया ।<br>सन् 1949 ई. में संविधान में देश की राजभाषा के रूप में स्वीकृत होने के पश्चात् इसने अब एक राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्थान प्राप्त कर लिया है । देश के अधिकतर राज्यों में शासन और शिक्षा की भाषा हिंदी है । पंजाब, गुजरात और महाराष्ट्र ने इसे द्वितीय भाषा के रूप में मान्यता दी है । |
| 11. | मुख्यत: खड़ी बोली का विकास किस शताब्दी में हुआ ?<br>**उन्नीसवीं** |
| 12. | किस कवि ने चौदहवीं शताब्दी के प्रारंभ में खड़ी बोली में कविता की रचना की ?<br>**अमीर खुसरो** |
| 13. | ब्रजभाषा को सूरदास जी ने, अवधी को तुलसीदास जी ने और मैथिली को किसने सिंचित और पल्लवित किया ?<br>**विद्यापति** |
| 14. | संसार में अंग्रेजी व _________ भाषा के बाद हिन्दी बोलने वालों की संख्या सर्वाधिक है ।<br>**चीनी** |
| 15. | सन् _________ ई. में संविधान में देश की राजभाषा के रूप में स्वीकृत होने के पश्चात् इसने अब एक राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्थान प्राप्त कर लिया है ।<br>**1949** |
| 16. | जैन धार्मिक परंपरा में कितने तीर्थंकर हैं ?<br>**24**<br>How many Tirthankaras are there in the Jain religious tradition ?<br>**24** |
| 17. | 'उपनिषद' शब्द का शाब्दिक अर्थ क्या है ?<br>**किसी के पास बैठना**<br>What is the literal meaning of the word 'Upanishad' ?<br>**To sit near someone** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 18. | सिंधु घाटी सभ्यता की "नृत्य करने वाली लड़की" के रूप में प्रसिद्ध प्रतिमा किस स्थल पर खोजी गई थी ?<br>**मोहेंजोदड़ो**<br>The famous statue known as the "Dancing Girl" of the Indus Valley Civilization was discovered at which site ?<br>**Mohenjodaro** |
| 19. | बौद्ध धर्म में '*तिपिटक*' या '*त्रिपिटक*' शब्द का अर्थ क्या है ?<br>**तीन टोकरियाँ/संग्रह, जिनमें बौद्ध शिक्षाएँ हैं**<br>What does the term *Tipitaka* or *Tripitaka* refer to in Buddhism ?<br>**Three baskets/collections, contains Buddhist teachings** |
| 20. | रुद्रदामन के गिरनार शिलालेख में वर्णित सुदर्शन झील के निर्माण का श्रेय किस मौर्य अधिकारी को दिया जाता है ?<br>**पुष्यगुप्त**<br>Which Mauryan official is credited with constructing the Sudarshan Lake as mentioned in the Girnar Rock Inscription of Rudradaman ?<br>**Pushyagupta** |
| 21. | भारत में अंतिम ब्रिटिश वायसराय कौन था ?<br>**लॉर्ड माउंटबेटन**<br>The last British Viceroy in India was<br>**Lord Mountbatten** |
| 22. | लंदन में भारतीय होम रूल सोसाइटी की स्थापना किसके द्वारा की गई थी ?<br>**श्यामजी कृष्णा वर्मा**<br>Indian Home Rule Society in London was founded by<br>**Shyamji Krishna Varma** |
| 23. | 'राजाजी' के नाम से कौन जाना जाता था ?<br>**सी. राजगोपालाचारी**<br>Who was known as 'Rajaji' ?<br>**C. Rajagopalachari** |
| 24. | हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?<br>**1924**<br>Hindusthan Republican Association was founded in the year<br>**1924** |
| 25. | स्वतंत्र भारत के पहले राष्ट्रपति कौन थे ?<br>**डॉ. राजेंद्र प्रसाद**<br>The first President of the Independent India was<br>**Dr. Rajendra Prasad** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 26. | एक संघीय राज्य की सबसे अच्छी विशेषताएँ हैं<br>**केंद्रीय और स्थानीय सरकारों के बीच शक्ति का बँटवारा**<br>A Federal State is best characterized by<br>**Power shared between central and local governments** |
| 27. | भारत की सबसे लंबी नदी कौन-सी है ?<br>**गंगा**<br>Which is the longest river in India ?<br>**Ganga** |
| 28. | भूजल पुनर्भरण का मुख्य स्रोत क्या है ?<br>**वर्षा जल का अंत:स्यंदन**<br>What is the main source of groundwater recharge ?<br>**Rainwater infiltration** |
| 29. | पृथ्वी पर सबसे शुष्क स्थान कौन-सा रेगिस्तान माना जाता है ?<br>**अटाकामा**<br>Which desert is considered the driest place on Earth ?<br>**Atacama** |
| 30. | सुंदरबन किस प्रकार के वनों के लिए प्रसिद्ध है ?<br>**मैंग्रोव**<br>Sundarbans are famous for which type of forests ?<br>**Mangrove** |
| 31. | GATT का तात्पर्य ____________ से है ।<br>**जनरल अग्रिमेंट ऑन टैरिफ्स एण्ड ट्रेड**<br>GATT stands for<br>**General Agreement on Tariffs and Trade** |
| 32. | नौवीं पंचवर्षीय योजना ________ पर केंद्रित थी ।<br>**सामाजिक न्याय और समानता के साथ विकास**<br>Ninth Five Year Plan focused on<br>**Growth with social justice and equality** |
| 33. | पहली पंचवर्षीय योजना (1951-56) के समय भारत तीन समस्याओं का सामना कर रहा था । वे थीं<br>**शरणार्थियों की आमद, भोजन की गंभीर कमी और बढ़ती मुद्रास्फीति**<br>At the time of the First Five Year Plan (1951-56) India was faced with three problems. They were<br>**Influx of refugees, severe food shortage and mounting inflation** |


परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 34. | जनसंख्या घनत्व क्या है ?<br>**प्रति वर्ग किमी भूमि क्षेत्र में व्यक्तियों की संख्या का अनुपात**<br>What is density of population ?<br>**A ratio of the number of persons per sq. km of land area** |
| 35. | भारत में मजदूरी रोजगार कार्यक्रम को और क्या कहा जाता है ?<br>**सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना**<br>Wage Employment Programme in India is also known as<br>**Sampoorna Grameen Rozgar Yojana** |
| 36. | _______ रिट तब जारी की जाती है जब न्यायालय पाता है कि कोई विशेष पदधारी कानूनी कर्तव्य नहीं निभा रहा है और इस तरह किसी व्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन कर रहा है ।<br>**परमादेश**<br>_______ writ is issued when the court finds that a particular office holder is not doing legal duty and thereby is infringing on the right of an individual.<br>**Mandamus** |
| 37. | _____ भारत के मूल संविधान का हिस्सा नहीं थे, बल्कि सरदार स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर 1976 में 42 वें संशोधन अधिनियम द्वारा जोड़े गए थे ।<br>**मौलिक कर्तव्य**<br>_________ were not the part of original Constitution of India instead added in 1976 by $42^{nd}$ Amendment Act on the recommendation of Sardar Swaran Singh Committee.<br>**Fundamental Duties** |
| 38. | भारत के संविधान की शुरुआत _______ से होती है ।<br>**प्रस्तावना**<br>Indian Constitution starts with<br>**Preamble** |
| 39. | 'राज्य' की परिभाषा भारतीय संविधान में ______ के अंतर्गत दी गई है ।<br>**अनुच्छेद 12**<br>The definition of 'State' is provided under _________ of the Indian Constitution.<br>**Article 12** |
| 40. | __________ संसद सदस्यों के बीच आचार संहिता लागू करता है ।<br>**आचार समिति**<br>_________ enforces the code of conduct among members of Parliament.<br>**Ethics Committee** |


परीक्षा नियंत्रक उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ

| | |
|---|---|
| 41. | एक विद्युत इस्त्री में 500 ओम के प्रतिरोध पर 250 वोल्ट का विभवान्तर लगाया जाता है । 10 सेकंड में जूल में उत्पादित ऊष्मा ऊर्जा की गणना करें ।<br>**1250**<br>A potential difference of 250 volts is applied across a resistance of 500 ohms in an electric iron. Calculate heat energy produced in joules in 10 seconds.<br>**1250** |
| 42. | प्रकाश को उसके घटक रंगों में विभाजित करने को क्या कहते हैं ?<br>**फैलाव**<br>The splitting of light into its component colours is called<br>**Dispersion** |
| 43. | बुझा हुआ चूना बनाने के लिए अबुझे चूने और पानी के बीच की रासायनिक प्रतिक्रिया की विशेषता है<br>**तापमान में वृद्धि**<br>The chemical reaction between quicklime and water to form slaked lime is characterized by<br>**A rise in temperature** |
| 44. | निम्नलिखित में से कौन-से सामान्य खनिज अम्ल का उल्लेख किया गया है जो अपने सांद्रित रूप में बहुत संक्षारक होते हैं ?<br>**सल्फ्यूरिक एसिड, हाइड्रोक्लोरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड**<br>Which of the following are mentioned as common mineral acid that are very corrosive in their concentrated form ?<br>**Sulphuric acid, hydrochloric acid, nitric acid** |
| 45. | मानव आँख में प्रवेश करने वाले प्रकाश की मात्रा को नियंत्रित करता है<br>**पूर्णांक**<br>The amount of light entering the human eye is controlled by<br>**Full mark** |
| 46. | दशमलव 0.12 का प्रतिशत रूप क्या है ?<br>**12%**<br>The percentage form of the decimal 0.12 is<br>**12%** |
| 47. | 437 और 487 के बीच पूर्ण संख्याओं की संख्या क्या है ?<br>**49**<br>The number of whole numbers between 437 and 487 is<br>**49** |



परीक्षा नियंत्रक
उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | | |
|---|---|---|
| 48. | 2 संख्याओं का LCM और HCF क्रमशः 120 और 6 है । यदि उनमें से एक संख्या 30 है, तो अन्य संख्याएँ ज्ञात कीजिए ।<br>**24**<br>The LCM and HCF of 2 numbers are 120 and 6 respectively. If one of the number is 30, find the other.<br>**24** |
| 49. | एक आयत की परिधि 13 सेमी है और इसकी चौड़ाई $2\frac{3}{4}$ सेमी है, इसकी लंबाई कितनी है ?<br>**$3\frac{3}{4}$ सेमी**<br>The perimeter of a rectangle is 13 cm and its width is $2\frac{3}{4}$ cm. Its length is<br>**$3\frac{3}{4}$ cm** |
| 50. | यदि $1^2 = 1$, $11^2 = 121$, तो $111^2 = ?$<br>**12321**<br>If $1^2 = 1$, $11^2 = 121$, then $111^2 = ?$<br>**12321** |
| 51. | एक आदमी की ओर इशारा करते हुए, एक महिला ने कहा "उसकी माँ मेरी माँ की इकलौती बेटी है" । महिला उस आदमी से किस तरह संबंधित है ?<br>**माँ**<br>Pointing to a man, a lady said "His mother is the only daughter of my mother". How is the lady related to the man ?<br>**Mother** |
| 52. | 7:10 बजे घड़ी की सुइयों के बीच का कोण क्या होगा ?<br>**155°**<br>What will be the angle between the hands of clock at 7:10 ?<br>**155°** |
| 53. | राम की आयु श्याम की आयु से दोगुनी और सोहन की आयु से आधी है, श्याम मोहन से बड़ा है । सबसे बड़ा कौन है ?<br>**सोहन**<br>The age of Ram is twice the age of Shyam and half the age of Sohan, Shyam is elder than Mohan. Who is the eldest ?<br>**Sohan** |

परीक्षा नियंत्रक
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 54. | निम्नलिखित में से सर्वथा भिन्न ज्ञात कीजिए ।<br>अंगूर<br>Find the odd one from the following.<br>**Grapes** |
| 55. | विनय हंसिका से लंबा है, हंसिका अभय से लंबी है, आलोक अशोक से लंबा है और अशोक विनय से लंबा है । समूह में सबसे छोटा कौन है ?<br>अभय<br>Vinay is taller than Hansika, Hansika is taller than Abhay, Aalok is taller than Ashok and Ashok is taller than Vinay. Who is the shortest in the group ?<br>**Abhay** |
| 56. | 2025 विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप में महिला एकल का खिताब किसने जीता ?<br>इगा स्वियाटेक<br>Who won the women's singles title at the 2025 Wimbledon Tennis Championships ?<br>**Iga Swiatek** |
| 57. | किस भारतीय शहर ने भारत का पहला प्रमाणित ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड जारी किया है ?<br>गाजियाबाद<br>Which Indian city has issued India's first Certified Green Municipal Bond ?<br>**Ghaziabad** |
| 58. | छठे बिम्सटेक (बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टि-सेक्टोरल टेक्निकल एण्ड इकॉनॉमिक को–ऑपरेशन) शिखर सम्मेलन का मेजबान कौन-सा देश है ?<br>थाईलैंड<br>Which country is the host of 6th BIMSTEC (Bay of Bengal Initiative for Multi-Sectoral Technical and Economic Co-operation) Summit ?<br>**Thailand** |
| 59. | निम्नलिखित में से किस व्यक्ति को हॉकी के लिए नियमित श्रेणी में 2024 का द्रोणाचार्य पुरस्कार मिला ?<br>संदीप सांगवान<br>Which of the following person received the Dronacharya Award 2024 in the Regular Category for Hockey ?<br>**Sandeep Sangwan** |
| 60. | राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 निम्नलिखित में से किस तिथि को मनाया जाता है ?<br>24 जनवरी<br>National Girl Child Day 2025 is observed on which of the following date ?<br>**24th January** |

परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 61. | 30 - 31 जनवरी, 2025 को "सुशासन" पर राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था ?<br>**गांधीनगर, गुजरात**<br>Where was the National Conference on "Good Governance" held on January 30 - 31, 2025 ?<br>**Gandhinagar, Gujarat** |
| 62. | 1 जनवरी, 2025 को गुजरात सरकार ने बनासकांठा जिले से अलग करके किस नए जिले की घोषणा की ?<br>**वाव–थराद**<br>On January 1, 2025 which new district was announced by the Gujarat government, carved out of Banaskantha district ?<br>**Vav-Tharad** |
| 63. | 16 जनवरी, 2025 को पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में किसने पदभार ग्रहण किया ?<br>**अशोक चंद्र**<br>Who assumed charge as the Managing Director and Chief Executive Officer of Punjab National Bank on January 16, 2025 ?<br>**Ashok Chandra** |
| 64. | 2024 वैश्विक जल निगरानी रिपोर्ट तैयार करने का नेतृत्व किस विश्वविद्यालय ने किया ?<br>**द ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय विश्वविद्यालय**<br>Which University led the preparation of the 2024 Global Water Monitor Report ?<br>**The Australian National University** |
| 65. | 20 दिसंबर, 2024 को भारत सरकार ने हरित और टिकाऊ बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के समर्थन हेतु किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन के साथ 500 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए ?<br>**एशियाई विकास बैंक (ADB)**<br>On December 20, 2024 the Government of India signed a $500 million loan agreement with which international organization to support green and sustainable infrastructure projects ?<br>**Asian Development Bank (ADB)** |
| 66. | भारत का मार्स ऑर्बिटर मिशन (MOM) कब प्रक्षेपित किया गया था ?<br>**2013**<br>India's Mars Orbiter Mission (MOM) was launched in<br>**2013** |
| 67. | अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस कब मनाया जाता है ?<br>**29 जुलाई**<br>International Tiger Day is observed on<br>**July 29** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 68. | अगुआड़ा किला किस राज्य में स्थित है ?<br>**गोवा**<br>Aguada Fort is located in which State ?<br>**Goa** |
| 69. | मुक्केबाज़ी में खेल के मैदान को क्या कहते हैं ?<br>**रिंग**<br>The playing area in boxing is called<br>**Ring** |
| 70. | मंत्री द्वारा प्रस्तावित विधेयक को क्या कहा जाता है ?<br>**सरकारी विधेयक**<br>A bill proposed by a minister is called as<br>**Government bill** |
| 71. | नॉर्वे की राजधानी है<br>**ओस्लो**<br>The capital of Norway is<br>**Oslo** |
| 72. | पहला दक्षिण एशियाई खेल किस देश में आयोजित किया गया था ?<br>**नेपाल**<br>The first South Asian Games held in which country ?<br>**Nepal** |
| 73. | पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?<br>**वियना**<br>The Organization of Petroleum Exporting Countries (OPEC) is headquartered in<br>**Vienna** |
| 74. | पुतुल नाच किस भारतीय राज्य का कठपुतली नाट्य रूप है ?<br>**पश्चिम बंगाल**<br>Putul Nach is a puppet form of which Indian State ?<br>**West Bengal** |
| 75. | काकरापार परमाणु ऊर्जा स्टेशन किस राज्य में स्थित है ?<br>**गुजरात**<br>Kakrapar Atomic Power Station is located in which State ?<br>**Gujarat** |


परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

निर्देश (प्र. सं. 76 से प्र. सं. 80) : ग्राफ़ का अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें । बार ग्राफ़ 2011 से 2016 तक एक कंपनी की आय और व्यय को दर्शाता है (करोड़ रु. में) ।

**Direction (Q. No. 76 to Q. No. 80) :** Study the graph and answer the questions given below. The bar graph shows the income and expenditure of a company from 2011 to 2016 (in crore Rs.).




76. कंपनी द्वारा 2013 से 2015 तक कुल कितना लाभ (करोड़ रुपये में) अर्जित की गई ?
**50**
What is the overall profit (in crore Rs.) is earned by the company from 2013 to 2015 ?
**50**

77. दिए गए वर्षों में विषम वर्षों में कंपनी द्वारा अर्जित लाभ (करोड़ रुपये में) क्या है ?
**पूर्णांक**
What is the average profit (in crore Rs.) earned by the company in odd years among the given years ?
**Full mark**

78. कंपनी द्वारा 2016 में अर्जित लाभ, कंपनी द्वारा 2015 में अर्जित लाभ से कितने प्रतिशत अधिक है ?
**100%**
The profit earned by the company in 2016 is what percentage more than profit earned by the company in 2015 ?
**100%**

परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

79. यदि 2016 की तुलना में 2017 में कंपनी का लाभ 25% बढ़ा और आय 20% बढ़ी, तो 2017 में कंपनी का व्यय (करोड़ रु. में) क्या है ?

**475**

If the profit of the company increased by 25% and income increased by 20% in 2017 than 2016, what is the expenditure (in crore Rs.) of the company in 2017 ?

**475**

80. 2011 से 2013 तक कुल आय 2013 से 2015 तक कुल व्यय से कितने प्रतिशत कम है ?


$15\frac{5}{9}\%$

By what percent total income from 2011 to 2013 is less than total expenditure from 2013 to 2015 ?

$15\frac{5}{9}\%$

**निर्देश (प्र. सं. 81 से प्र. सं. 85) :** नीचे दिया गया बार ग्राफ पांच वर्षों 2021, 2022, 2023, 2024 और 2025 में सिटि मैराथन में पुरुष और महिला प्रतिभागियों की संख्या दर्शाता है ।

**Direction (Q. No. 81 to Q. No. 85) :** The bar graph given below shows the number of male and female participants in City Marathon in five years 2021, 2022, 2023, 2024 and 2025.




81. 2022, 2023, 2024 में मैराथन में भाग लेने वाले पुरुषों की औसत संख्या का 2021, 2022 और 2023 में भाग लेने वाली महिलाओं की औसत संख्या से अनुपात ज्ञात कीजिए ।

**41 : 28**

Find the ratio of average number of males participated in marathon in 2022, 2023, 2024 to average number of female participated in 2021, 2022 and 2023.

**41 : 28**

| | |
|---|---|
| 82. | किस वर्ष अधिकतम लोगों ने मैराथन में भाग लिया ?<br>**2023**<br>In which year maximum people participated in marathon ?<br>**2023** |
| 83. | 2026 में मैराथन में भाग लेने वाले कुल लोगों की संख्या ज्ञात कीजिए, यदि 2024 और 2025 में भाग लेने वाले औसत लोगों की तुलना में 2026 में कुल प्रतिभागियों की संख्या में 25% की वृद्धि हुई ।<br>**3875**<br>Find the total number of participants in marathon in 2026, if the total participants increased by 25% in 2026 over the average of participants in 2024 and 2025.<br>**3875** |
| 84. | मैराथन में भाग लेने वाले औसत पुरुष प्रतिभागियों और मैराथन में भाग लेने वाली औसत महिला प्रतिभागियों के बीच क्या अंतर है ?<br>**550**<br>What is the difference between average male participants in marathon and average female participants in marathon ?<br>**550** |
| 85. | 2021 में मैराथन में भाग लेने वाली महिला प्रतिभागियों के प्रतिशत और 2023 में मैराथन में भाग लेने वाले पुरुष प्रतिभागियों के प्रतिशत के बीच क्या अंतर है ? (लगभग मान ज्ञात कीजिए)<br>**7.6%**<br>What is the difference between the percentage of female participants in marathon in 2021 and percentage of male participants in marathon in 2023 ? (Find approx. value)<br>**7.6%** |

**निर्देश (प्र. सं. 86 से प्र. सं. 90) :** नीचे दी गई तालिका एक घंटे में 6 इकाइयों P, Q, R, S, T और U द्वारा शर्ट कंपनी के उत्पादन को दर्शाती है । तालिका देखें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें ।

| उत्पादन इकाई | कुल शर्ट | काले : सफेद |
|---|---|---|
| P | 5225 | 10 : 9 |
| Q | 3150 | 9 : 5 |
| R | 5625 | 7 : 8 |
| S | 3825 | 4 : 13 |
| T | 4875 | 4 : 9 |
| U | 4950 | 11 : 7 |

**नोट :** ये इकाइयाँ केवल दो रंगों अर्थात् काले और सफेद में शर्ट बनाती हैं ।



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

**Direction (Q. No. 86 to Q. No. 90) :** The table given below shows production of Shirt Company by 6 units P, Q, R, S, T and U in one hour. Refer the table and answer the questions given below.

| Production Unit | Total Shirts | Black : White |
|---|---|---|
| P | 5225 | 10 : 9 |
| Q | 3150 | 9 : 5 |
| R | 5625 | 7 : 8 |
| S | 3825 | 4 : 13 |
| T | 4875 | 4 : 9 |
| U | 4950 | 11 : 7 |

**Note :** These units produce shirts in only two colors i.e. Black and White.

| | |
|---|---|
| 86. | किस इकाई के लिए काले शर्ट और सफेद शर्ट की संख्या के बीच का अंतर अधिकतम है ?<br>**S**<br>For which unit the difference between number of black shirts and white shirts is maximum ?<br>**S** |
| 87. | इकाई Q, R और S में उत्पादित काले शर्टों की औसत संख्या क्या है ?<br>**1850**<br>What is the average number of black shirts produced in unit Q, R and S ?<br>**1850** |
| 88. | इकाई U में उत्पादित सफेद शर्टों की संख्या इकाई P में उत्पादित काले शर्टों की संख्या से कितने प्रतिशत कम है ?<br>**30%**<br>The number of white shirts produced in unit U is how much percent less than the number of black shirts produced in unit P ?<br>**30%** |
| 89. | इकाई S और T द्वारा उत्पादित काले शर्टों की संख्या इकाई S और T द्वारा उत्पादित शर्टों की कुल संख्या का कितना प्रतिशत है ?<br>**800/29%**<br>The number of black shirts produced by units S and T together is what percent of total number of shirts produced by units S and T together ?<br>**800/29%** |
| 90. | इकाइयों Q और U द्वारा उत्पादित काले शर्टों की संख्या का इकाइयों P और Q द्वारा उत्पादित सफ़ेद शर्टों की संख्या से अनुपात क्या है ?<br>**101 : 72**<br>What is the ratio of number of black shirts produced by units Q and U together to the number of white shirts produced by units P and Q together ?<br>**101 : 72** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| | **निर्देश (प्र. सं. 91 से प्र. सं. 95) :** निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें ।<br><br>नीचे दिए गए पैराग्राफ में तीन अलग-अलग दिनों यानी सोमवार, मंगलवार और बुधवार को निर्मित बैंगनी, हरे और ग्रे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या दिखाई गई है ।<br><br>सोमवार : निर्मित बैंगनी से हरे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या का अनुपात 3 : 4 है और निर्मित बैंगनी से ग्रे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या का अनुपात 3 : 2 है और निर्मित बैंगनी, हरे और ग्रे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या का योग 450 है ।<br><br>मंगलवार : निर्मित बैंगनी रंग के गुब्बारों की कुल संख्या निर्मित ग्रे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या से 37.5% अधिक है और निर्मित हरे से ग्रे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या का अनुपात 9 : 8 है । निर्मित बैंगनी रंग के गुब्बारों की कुल संख्या निर्मित हरे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या से 40 अधिक है ।<br><br>बुधवार : निर्मित बैंगनी रंग के गुब्बारों की कुल संख्या निर्मित हरे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या का 5/11वाँ भाग है तथा निर्मित बैंगनी और ग्रे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या क्रमशः 150 और 240 है ।<br><br>**Direction (Q. No. 91 to Q. No. 95) :** Read the following information carefully and answer the questions.<br><br>The given below paragraphs shows the total number of purple, green and grey colour balloons manufactured on three different days i.e. Monday, Tuesday and Wednesday.<br>Monday : The ratio of the total number of purple to green colour balloons manufactured is 3 : 4 and the ratio of the total number of purple to grey colour balloons manufactured is 3 : 2 and the sum of the total number of purple, green and grey colour balloons manufactured is 450.<br><br>Tuesday : The total number of purple colour balloons manufactured is 37.5% more than the total number of grey colour balloons manufactured and the ratio of the total number of green to grey colour balloons manufactured is 9 : 8. The total number of purple colour balloons manufactured is 40 more than the total number of green colour balloons manufactured.<br>Wednesday : The total number of purple colour balloons manufactured is $5/11^{th}$ of the total number of green colour balloons manufactured and the total number of purple and grey colour balloons manufactured is 150 and 240 respectively. |
| 91. | बुधवार को निर्मित हरे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या का सोमवार को निर्मित बैंगनी रंग के गुब्बारों की कुल संख्या से अनुपात ज्ञात कीजिए ।<br>**11 : 5**<br>Find the ratio of the total number of green colour balloons manufactured on Wednesday to the total number of purple colour balloons manufactured on Monday.<br>**11 : 5** |
| 92. | बुधवार को निर्मित कुल ग्रे रंग के गुब्बारों की संख्या सोमवार को निर्मित कुल हरे और ग्रे रंग के गुब्बारों की संख्या का कितना प्रतिशत है ?<br>**80%**<br>The total number of grey colour balloons manufactured on Wednesday is what percentage of the total number of green and grey colour balloons manufactured on Monday ?<br>**80%** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 93. | मंगलवार को निर्मित कुल गुब्बारों की संख्या और सोमवार को निर्मित कुल ग्रे रंग के गुब्बारों की संख्या के बीच अंतर ज्ञात कीजिए । **460** Find the difference between the total number of balloons manufactured on Tuesday and the total number of grey colour balloons manufactured on Monday. **460** |
| 94. | यदि गुरुवार को निर्मित कुल गुब्बारों की संख्या बुधवार की संख्या से 25% कम है और गुरुवार को निर्मित कुल बैंगनी, हरे और ग्रे रंग के गुब्बारों की संख्या का अनुपात क्रमशः 4 : 3 : 2 है, तो गुरुवार को निर्मित कुल बैंगनी रंग के गुब्बारों की संख्या ज्ञात कीजिए । **240** If the total number of balloons manufactured on Thursday is 25% less than that of on Wednesday and the ratio of the total number of purple, green and grey colour balloons manufactured on Thursday is 4 : 3 : 2 respectively, then find the total number of purple colour balloons manufactured on Thursday. **240** |
| 95. | सोमवार, मंगलवार और बुधवार को एक साथ निर्मित ग्रे रंग के गुब्बारों की अनुमानित औसत संख्या ज्ञात कीजिए । **167** Find the approximate average number of grey colour balloons manufactured on Monday, Tuesday and Wednesday together. **167** |
| 96. | Choose the right answer from the five options given below to frame meaningful sentence. the/steps/old/man/fell/the/down **The old man fell down the steps.** |
| 97. | Choose the opposite word (antonym) to the given word. Remote **Near** |
| 98. | Fill in the blank with the correct option. My brother ______________ very hard at the moment, because some of his colleagues are off sick. **is working** |
| | **Direction (Q. No. 99 and Q. No. 100) :** Read the following passage and answer the questions by choosing the right option. **The Journey of a River** Rivers begin their journey high in the mountains, where melting snow or rainwater gathers to form small streams. These streams flow downhill, joining with others to become larger rivers. As the river travels, it shapes the land around it, carving valleys and creating habitats for many plants and animals. Along the way, rivers provide water for people, animals and crops. Towns and cities often develop near rivers because they offer a reliable water source and an easy way to transport goods. However, rivers can also flood, especially after heavy rains, which can damage homes and farms. |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| | Many rivers eventually flow into oceans or seas, completing their long journey. To protect rivers, people must avoid polluting them with waste and chemicals. Keeping rivers clean helps ensure they continue to support life and benefit future generations. |
| 99. | What happens when many small streams come together ?<br>**They form a larger river** |
| 100. | How can people help protect rivers ?<br>**Avoid polluting them** |

परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

Revised Answers